न्यायालय सहायक कलक्टर झाडोल जिला उदयपुर
पीठासीन अधिकारी : श्री अक्षय गोदारा, I.A.S.
प्रकरण सख्या 59/2013 प्रार्थना पत्र

अनवान

1. श्रीमती मीरादेवी पत्नि लक्ष्मीचंद पारगी निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल

...............प्रार्थी

बनाम

1. श्री मंगला पिता रोडा भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
2. श्री काला पिता गुला भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
3. मृतक श्री माला भील के बजाय
    1. श्री बदा पिता माला भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
    2. श्री रूपलाल पिता स्व. माला भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
    3. श्रीमती सोहनीबाई पत्नि स्व. माला भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
4. श्री भूता पिता भेरा भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
5. श्री शिवलाल पिता मोता भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
6. श्री थावरचंद पिता सकरा भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
7. श्री सोमीलाल पिता सकरा भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
8. श्री केशूलाल पिता भीमा भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
9. श्री नानजी पिता थावरा भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
10. श्री मोता पिता मेगा भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल
11. श्री खीमा पिता मेगा भील निवासी पीपलबारा तहसील झाडोल

.........विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 111, 128 भू–राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 27.02.2020

आदेश

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त विवरण में इस प्रकार है कि प्रार्थी के स्वामित्व व खातेदारी की कृषि भूमि आराजी मौजा पीपलबारा, पटवार हल्का ओगणा, तहसील झाडोल की जमाबंदी संवत् 2068–2071 की खाता संख्या 2 में दर्ज आराजी खसरा नम्बर 22, 184, 194 से 200, 202, 203, 206, 294 से 302 कुल किता 21 कुल रकबा 2.33 है0 कुल लगान 3.88 रूपये स्थित है एवं जमाबंदी संवत् 2068–2071 की खाता संख्या 34 में दर्ज आराजी खसरा नम्बर 13, 23, 26 कुल किता 3 कुल रकबा 0.40 है0 कुल लगान 0.44 रूपये स्थित है।

उक्त वर्णित प्रार्थीयां की कृषि भूमि के पडौस में विपक्षी संख्या 1 से 11 की भूमियां आ गई है जिससे विपक्षी फसल नष्ट करा देते है व प्रार्थीयां की भूमि को थोडा–थोडा कर अपनी भूमि में मिलाने की कोशिश करते है बाड, काली आदि नष्ट कर देते है। अतः नियमानुसार पत्थरगढी करावे। पत्थरगढी शुल्क अदा करने को तैयार हूँ।

Akshay
सहायक कलक्टर
झाडोल (फ), जिला उदयपुर

हमने प्रार्थीयां को सुना। पत्रावली का अवलोकन किया। विपक्षीगण बावजूद सूचना के अनुपस्थित रहे तथा जवाब प्रस्तुत नही करने से जवाब बंद किया गया। प्रार्थीयां वर्णित भूमियो की रेकार्डेड खातेदार काश्तकार है। अतः प्रार्थीयां का प्रार्थना पत्र बाबत् पत्थरगढी स्वीकार किया जाकर तहसीलदार झाडोल को 500 रूपया फीस पर कमिशनर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि मौजा मौजा पीपलबारा, पटवार हल्का ओगणा, तहसील झाडोल की जमाबंदी संवत् 2068–2071 की खाता संख्या 2 में दर्ज आराजी खसरा नम्बर 22, 184, 194 से 200, 202, 203, 206, 294 से 302 कुल किता 21 कुल रकबा 2.33 है0 कुल लगान 3.88 रूपये स्थित है एवं जमाबंदी संवत् 2068–2071 की खाता संख्या 34 में दर्ज आराजी खसरा नम्बर 13, 23, 26 कुल किता 3 कुल रकबा 0.40 है0 कुल लगान 0.44 रूपये कृषि भूमि की स्थाई सीमा चिन्हो से पक्षकारो को पूर्व सूचना देकर प्रार्थीयां की कृषि भूमि की बाहरी सीमाओं पर पत्थरगढी करावे। तहसीलदार झाडोल को तहरीर जारी की जावे।

आदेश आज दिनांक 27.02.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

akshay

(अक्षय गोदारा IAS)
सहायक कलक्टर, झाडोल
जिला उदयपुर

सहायक कलक्टर
झाडोल (फ.), जिला उदयपुर

सहायक कलक्टर, झाडोल
जिला उदयपुर (राज.)
सत्यमेव जयते